कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B++) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:फरवरी-2025




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:फरवरी-2025

## संरक्षक मण्डल



परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**
अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**
उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर

## सम्पादक मण्डल



प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग



2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग



3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग



4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक






February-2025

# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.02.2025 सोमवार | महाविद्यालय | बसंत पंचमी के अवसर पर बी.एड. एवं प्राचीन इतिहास विभाग में सरस्वती पूजा का आयोजन | 1 |
| 2 | 14.02.2025 शुक्रवार | रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | पुलवामा शहीद दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि | 1–2 |
| 3 | 14.02.2025 शुक्रवार | महाविद्यालय | दिग्विजयनाथ ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि | 2 |
| 4 | 15.02.2025 शनिवार | बी.एड. विभाग | द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन योगः स्वास्थ्य और सद्भावना का संगम | 3 |
| 5 | 17.02.2025 सोमवार | बी.एड. विभाग | योग कार्यशाला का समापन | 4 |
| 6 | 24.02.2025 सोमवार | महाविद्यालय | दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन | 5–6 |
| 7 | 24.02.2025 सोमवार | महाविद्यालय | आई.क्यू.ए.सी. बैठक | 6 |
| 8 | 25.02.2025 मंगलवार | महाविद्यालय | वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन | 7–8 |
| 9 | 27.02.2025 गुरूवार | वाणिज्य विभाग | जी.एस.टी. एवं रिटर्न फाइलिंग विषय पर विशिष्ट व्याख्यान | 8–9 |
| 10 | 27.02.2025 गुरूवार | रोवर्स /रेंजर्स | पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरंभ | 9 |
| 11 | 28.02.2025 शुक्रवार | रोवर्स /रेंजर्स | पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का द्वितीय दिवस | 10 |
| 12 | 28.02.2025 शुक्रवार | महाविद्यालय | युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यान माला के उपलक्ष्य में गणित एवं वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम | 10 |



## बसंत पंचमी के अवसर पर बी.एड. एवं प्राचीन इतिहास विभाग में सरस्वती पूजा का आयोजन





दिनांक 03–02–2025 को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन छात्र परिषद् के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकों व प्रशिक्षुओं द्वारा मॉ सरस्वती की आराधना, पूजन, हवन एवं आरती की गयी।

इस अवसर पर बी.एड. चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं सहित विभाग प्रभारी प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अरुण कुमार तिवारी, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्रीमती शालिनी पारीक एवं विभाग के परिचर श्री अमरनाथ चौधरी उपस्थित रहें।

## पुलवामा शहीद दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि





**दिनांक 14.02.2025 को महाविद्यालय, के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा 'पुलवामा शहीद दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।**

**उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि** आतंकवाद भारत ही नहीं पूरी मानवता के लिए सबसे गम्भीर चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। आतंकवाद

February-2025

का स्वरूप तथा घटनाएं नित्य नए रूप में सामने आकर देश–दुनिया को चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख तथा आस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने आतंकवाद के नए रूप 'लोन वुल्फ अटैक' जैसी नई शब्दावली तथा हमले करने के नए तरीकों को जन्म दिया है।

**उक्त अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने कहा कि आतंकवाद किसी तरह से भारत में क्षम्य नहीं किया जाएगा।** वर्तमान युवा पीढ़ी को आतंकवाद के नए–नए रूपों से सजक रहने की आवश्यकता है। भोले–भाले युवाओं को गुमराह करके यह आतंकवादी गम्भीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

## दिग्विजयनाथ ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने पुलवामा हमले में शहीद वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि






**दिनांक 14.02.2025 को महाविद्यालय के** ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों के बहादुरी, बलिदान और देश की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करते हुए 14 फरवरी, वीर दिवस के दिन दिग्विजय नाथ पी जी कॉलेज से कैंडल मार्च निकालते हुए इंदिरा बाल विहार पर भारत के शहीद वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिग्विजयनाथ ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक आदित्य जायसवाल, महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुभाष चन्द्र सहायक आचार्य बी.एड. विभाग, ताइक्वांडो खिलाड़ी विजय प्रजापति, सुष्मिता, कौशल कुमार, सिमरन, घनश्याम यादव, चन्दा, शुभम राव, नवरिता एवं अन्य उपस्थित रहे।

.






## शिक्षक शिक्षा विभाग में द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन
## योगः स्वास्थ्य और सद्भावना का संगम




दिनांक 15.02.2025 को महाविद्यालय के बी0एड0 विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं हेतु एक विशेष द्विदिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम चरण में योग प्रशिक्षिका डॉ. पूजा गुप्ता, ब्राइट योग कंसल्टेसी, थी गोरखपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'युज' धातु से हुई है, इसका मतलब है 'जुड़ना' या 'जोड़ना'। 'योगस्य चित्त वृत्ति निरोध' का मतलब है कि मन की चंचलता को शांत करके योग की प्राप्ति की जा सकती है। अष्टांग योग, योग की सबसे लोकप्रिय धारा है।



**कार्यशाला के द्वितीय चरण में योग प्रशिक्षिका पूजा गुप्ता ने प्रतिभागियों को योगास**न, प्राणायाम और ध्यान की मूलभूत तकनीकों से अवगत कराया। सत्र के दौरान उन्होंने योग के दैनिक जीवन में महत्व और इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास किया, साथ ही तनाव मुक्ति के लिए ध्यान और प्राणायाम की विधियां भी सीखीं।



## शिक्षक शिक्षा विभाग में योग कार्यशाला का समापन






दिनांक 17.02.2025 को महाविद्यालय गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में दिनांक 17–02–2025 को योग कार्यशाला का समापन हुआ।

कार्यशाला के समापन के अवसर पर **प्रथम** सत्र में विभाग योग को पुरातन छात्रा प्रशिक्षिका डॉ. पूजा गुप्ता ने प्रशिक्षुओं को भुजंगासन, हलासन, सलभासन, सर्वांगासन, अर्ध्दचन्द्रासन, नौकासन, चक्कीआसन, सिंघासन, सूर्यनमस्कार, मंडूकासन, मलासन, वृक्षासन, मयूरासन, पुष्टासन, हनुमानासन, आदि का अभ्यास कराया एवं ये आसन किन व्याधियों को दूर करने में सहायक होते हैं इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। **द्वितीय सत्र में विशेष समूह चर्चा का** आयोजन किया गया जिसमें छात्राध्यापिकाओं ने प्रश्नों के माध्यम से अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी जिज्ञासाओं को संतुष्ट किया। समस्त प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षिका के समक्ष क्रमवार समूह में एवं एक–एक योग करके दिखाया। **समापन के इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका डॉ. पूजा गुप्ता का स्वागत प्रो० (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव एवं आभार ज्ञापन डॉ० सुभाष चन्द्र द्वारा किया गया।**

February-2025

# दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन






**दिनांक 24.02.2025 को महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

**खेल प्रतियोगिता के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिह, सदस्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद गोरखपुर थे। इस अवसर पर उन्होंने ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि** खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे अन्दर मस्तिष्क की क्षमता को विकसित करने के साथ ही टीम वर्क का अवसर प्रदान करता है। **विशिष्ट अतिथि प्रो. सत्येन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग ने कहा कि** दूसरे की जीत में भी खुशी होनी चाहिए क्योंकि हमें उस हार और जीत से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। **खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तहत आपको खेलना है। जहां प्रतिस्पर्धा का भाव होता है वहां सर्वोत्तम की उत्तरजीविता का नियम काम करता है। खेल वह माध्यम है जो नीरसता को समाप्त कर जीवन में उर्जा का संचार करता है। **प्रस्ताविकी एवं स्वागत भाषण क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश शुक्ल ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. नितीश शुक्ला ने किया।**

खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में **800 मीटर दौड़ बालिका वर्ग** में नन्दनी मोदनवाल प्रथम, श्वेता शर्मा द्वितीय व साक्षी गौड़ तृतीय स्थान पर रहे तथा **बालक वर्ग** में शिव कुमार निषाद प्रथम, राजू गुप्ता द्वितीय तथा आकाश साहनी तृतीय स्थान प्राप्त किये। **400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग** में

February





श्वेता शर्मा प्रथम, नन्दनी मोदनवार द्वितीय व अंकिता पाल तृतीय स्थान पर रहे तथा **बालक वर्ग** में सूरज प्रथम, सतीश कुमार द्वितीय तथा आदर्श कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये। **डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग** में खुशी आदित्य प्रथम, जिज्ञासा यादव द्वितीय व खुशी साहनी तृतीय स्थान पर रहे तथा **बालक वर्ग** में आदर्श शुक्ल प्रथम, अभिनव त्रिपाठी द्वितीय तथा राम मदन निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किये।

## आई.क्यू.ए.सी. बैठक





दिनांक 24.02.2025 को महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. एवं प्रबन्ध समिति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी । सत्र 2024–2025 की महाविद्यालयी कार्य योजना (CAP) की प्रगति की समीक्षा, वर्तमान सत्र के शैक्षिक पचांग पूर्ण होने की स्थिति की समीक्षा, ई–कॉन्टेन्ट/उ.प्र. डिजिटल लाइब्रेरी पर कन्टेन्ट लोड करने की स्थिति की समीक्षा। सभी विभागों द्वारा वर्तमान सत्र के अकादमिक लेखा परीक्षण की स्थिति की समीक्षा तथा आगामी नैक मूल्यांकन के दृष्टिगत Infrastructure Enrichment हेतु विभागों की Feasible Demand कार्य के प्रगति की समीक्षा की गयी।



# वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन





**दिनांक 25.02.2025 को महाविद्यालय में 24 व 25 फरवरी तक चलने वाले वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2024–25 के समापन के अवसर पर** बालक एवं बालिका वर्ग 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर 5000 मीटर का दौड़ एवं 4×400 मीटर रिले रेस बालिका वर्ग, 4×100 मीटर रिले रेस बालक एवं बालिका वर्ग, शाट–पट (गोला फेक) बालक एवं बालिका वर्ग, लम्बी कूद, हैमर थ्रो, ऊँची कूद, जेवलिन थ्रो तथा डिस्कस थ्रो बालक एवं बालिका वर्ग के खेलों का आयोजन किया गया।

उक्त **खेल प्रतियोगिता में (बालक वर्ग)** से शिव कुमार निषाद एवं **(बालिका वर्ग)** से नन्दनी मोदनवाल व श्वेता शर्मा संयुक्त रूप से अव्वल रहें। अन्य खेल गतिविधियों में **10,000 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग)** में नन्दनी मोदनवाल प्रथम, खुशी आदित्य द्वितीय एवं प्रियंका चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि **10,000 मीटर दौड़ (बालक वर्ग)** में शिव कुमार निषाद प्रथम, आकाश साहनी द्वितीय एवं विशाल यादव तृतीय स्थान पर रहे। **जेवलिन थ्रो (बालिका वर्ग)** में विजय लक्ष्मी मौर्य प्रथम, अंकिता पाल द्वितीय एवं प्रियंका चौधरी तृतीय स्थान पर रही जबकि **जेवलिन थ्रो (बालक वर्ग) में** हर्षित पाण्डेय प्रथम, अभिनव त्रिपाठी द्वितीय तथा राममदन निषाद तृतीय रहे।

**वार्षिक क्रीड़ा समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता श्री संजीव सिंह** ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल चरित्र का

निर्माण करता है। **विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी श्री अरविन्द सिंह ने** भी विद्यार्थियों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने मुख्य अतिथि के साथ विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यदि हम सफलता से दूर है तो इसका स्पष्ट अर्थ है कि हमारे प्रयास में कुछ कमी है। **प्रस्ताविकी एवं स्वागत भाषण क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. परीक्षित सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा सचिव श्री अवधेश शुक्ल ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. जितेन्द्र पाण्डेय ने किया।**

## वाणिज्य विभाग में जी.एस.टी. एवं रिटर्न फाइलिंग विषय पर विशिष्ट व्याख्यान






**दिनांक 27.02.2025 को महाविद्यालय, के वाणिज्य विभाग में जी.एस.टी., रिटर्न फाइलिंग विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया।**

**कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री दीपक गुप्ता, सी.ए. फैक्ल्टी, आई.सी.ए. थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. ने भारत के आर्थिक परिदृश्य को आकार देने,** विकास को बढ़ावा देने और कर संग्रह की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और उन्होंने जीएसटी रिटर्न फ़ाइल करने की तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। **कार्यक्रम के दूसरे वक्ता सुश्री मनीषा कौर ने जी.एस.टी. मे** कैरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

**वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जी.एस.टी. विषय** की प्रासंगिकता

लगातार बढ़ी है जो रोजगार सृजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार साहनी ने किया। अतिथि का परिचय एवं आभार वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने किया।

## रोवर्स /रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जॉच शिविर का आरंभ





दिनांक 27.02.2025 को महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का आरंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर डॉ० संजीत कुमार सिंह ने रोवर्स/रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से आत्मानुशासन, प्रेम,सहयोग तथा सद्भावना का विकास होता है। इस अवसर पर रेंजर लीडर डॉ० जागृति विश्वकर्मा ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को शरीर से स्वस्थ, मस्तिष्क से जागरूक और स्वभाव से सरल बनाता है साथ ही विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास करता है ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखा जाए। इसका संचालन श्री अजय गु प्ता, श्रीमती इशरत सिद्दीकी तथा श्री ओम प्रकाश जिला प्रशिक्षकों के नेतृत्व मे किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पर रोवर्स/ रेंजर्स द्वारा झं डा फहराना, प्रार्थना, तालियाँ बजाकर स्वागत करना आदि प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। रोवर्स/ रेंजर्स प्रशिक्षण द्वारा उत्तम नागरिकों के गुणों का विकास होता है, यह नेतृत्व,संयम, आत्मनिर्भरता का अवसर उत्पन्न करता है।

February





## रोवर्स /रेंजर्स पांच दिवसीय निपुण जांच शिविर का द्वितीय दिवस



दिनांक 28/02/2005 रोवर्स रेंजर्स खेल, कैंपफायर एवं झंडा उतारने का प्रशिक्षण प्राप्त किये।


## युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यान माला के उपलक्ष्य में गणित एवं वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम





**दिनांक 28.02.2025 को** महाविद्यालय में **युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति व्याख्यान माला के उपलक्ष्य में गणित एवं वनस्पति विज्ञान के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान दिवस** के अवसर पर **'वैज्ञानिक शोध में गणितिय मॉडल मे उपयोगिता'** विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर **मुख्य अतिथि प्रो. अश्विनी कुमार मिश्र, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर** थे। उक्त अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए गणितीय मॉडल की उपयोगिता कोरोना काल में सर्वाधिक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के **विशिष्ट अतिथि प्रो. विजय शंकर वर्मा, अध्यक्ष, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर** थे। उन्होंने कहा कि गणितीय मॉडल का जीवन के हर क्षेत्र में प्रयोग होता है उदाहरण के तौर पर गणितीय मॉडल का उपयोग करते हुए मृतक व्यक्ति की मृत्यु किस समय हुई इसका आकलन न्यूटन के शीतलन नियम (न्यूटन कूलिंग लॉ) द्वारा गणना करके बताया जा सकता है। कार्यक्रम की **अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि गणित व ज्यामिति का ज्ञान होना हमारी बौद्धिक ज्ञान का प्रमाण है। डेटा विश्लेषण के द्वारा ही आज के समय में चुनाव सर्वेक्षण किये जाते है। **कार्यक्रम का संचालन व प्रस्ताविकी गणित विभाग के प्रभारी, डॉ. सूरज कुमार शुक्ल ने किया एवं आभार ज्ञापन प्रो. परीक्षित सिंह, समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी.** ने किया।





February